## चित्रकूट पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य्‌ उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** बारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउंड में पुलिस कर्मियों ने किया योगाभ्यास।
कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री यामीन अहमद,क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक श्री रामाशीष यादव एवं जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के प्रभारी योग विभाग श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कोतवाली कर्वी,महिला थाना,क्राइम ब्रान्च,एचटीयू,पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय तथा विभिन्न शाखाओं में तैनात पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया।
योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित पुलिस कर्मियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराते हुए उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान नियमित योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए सभी को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया। योगाभ्यास के दौरान बताया गया कि "योग भारतीय संस्कृति एवं प्राचीन ज्ञान परम्परा की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज सम्पूर्ण विश्व ने अपनाया है। भारत की इस महान विधा ने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन एवं आत्मबल का मार्ग प्रदान किया है। हमें गर्व होना चाहिए कि योग की उत्पत्ति भारत में हुई तथा आज यह वैश्विक स्तर पर सम्मानित एवं स्वीकार्य है। आने वाली पीढ़ियों को योग की इस धरोहर से जोड़ना हम सभी का दायित्व है।"साथ ही यह भी बताया गया कि "योग न केवल व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं सशक्त बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर आत्मसंयम, अनुशासन, एकाग्रता एवं मानसिक स्थिरता का भी विकास करता है। वर्तमान समय की व्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम योग है।"
इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों के अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा योगाभ्यास किया गया।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अमरेन्द्र सिंह मय हमराह आरक्षी अनिकेत द्वारा मु0अ0सं0 730/2025 धारा 110,115(2),352,351(3),333,127(2) बीएनएस के वारण्टी अभियुक्त दीपक पटेल पुत्र बोधीलाल पटेल निवासी चुनहा पुरवा कर्वी जनपद चित्रकूट व मु0अ0सं0 2920/2014 धारा 323,504,506,427 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त मनोज पुत्र शिवबरन निवासी बनकट थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(4).**पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिहं के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाए जाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यावही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस ने नाबालिक बालिका से दुष्कर्म का प्रयास करने के वाले आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली कर्वी अंतर्गत की एक निवासी वादी द्वारा थाना मानिकपुर में सूचना दी गई कि अभियुक्त छैल बिहारी द्वारा वादी के घर में घुसकर वादी की पुत्री उम्र 13 वर्ष के साथ जबरजस्ती बलात्कार करने की कोशिश करना तथा शोर करने पर घर से निकल कर भागने का प्रयास करना तथा ग्रामीणों द्वारा पकड़ लेना। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में मु0अ0स0 351/2026 धारा 65(1),62,333 बीएनएस व ¾ पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया।